www.sakshieducation.com

This Question Paper contains 8 Printed Pages.]

New Syllabus

**09H**

# HINDI

*(Second language)*

**Time : 2.45 Hours]** **[Maximum Marks : 80**

***Instructions -***

1. Read the following question paper and understand every question thoroughly without writing anything. 15 minutes time is allotted for this.
2. Answer all the questions as directed.
3. All the questions are to be written in the seperate answer booklet.

**I.** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के सही विकल्प लिखिये। *5×1=5*

सबसे पहले तो हमें यह जान लेना चाहिए कि शांति क्या है? शांति का केवल यह अर्थ नहीं कि मुख से चुप रहें। अपितु मन को नियंत्रित कर उसे बुराई के रास्ते पर चलने से रोकना ही वास्तविक 'शांति' है। युद्ध, दुख, लालच और सभी पीड़ाओं को मिटाने का एक मात्र साधन है - 'शांति'। धन-दौलत से भौतिक संपदा खरीद सकते हैं, किन्तु शांति नहीं। इसी उद्देश्य से 24 अक्तूबर, 1945 में संयुक्त राष्ट्र संघ की स्थापना हुई। इसका मूल उद्देश्य है - 'विश्व के सभी देशों के बीच शांति की स्थापना करना।'

1. 'शांति' का वास्तविक अर्थ इनमें से यह है -
   (A) मुख से चुप रहना।
   (B) दूसरों से शांति बनाये रखने को कहना।
   (C) मन को नियंत्रित रख, भलाई के रास्ते पर चलना।
   (D) मन को नियंत्रित रख, बुराई के रास्ते पर चलना।

2. पीड़ाओं से मुक्ति पाने का साधन है -
   (A) धन-दौलत
   (B) युद्ध
   (C) सम्मान
   (D) शांति

3. इनमें से भौतिक संपदा का उदाहरण है -
   (A) चिंता
   (B) शांति
   (C) हवाई जहाज
   (D) दुःख



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



4. 'संयुक्त राष्ट्र संघ' की स्थापना इस वर्ष हुई –
   (A) 24 अक्तूबर, 1946
   (B) 24 अक्तूबर, 1945
   (C) 24 अक्तूबर, 1944
   (D) 24 अक्तूबर, 1940

5. 'शांति' को बनाये रखने में इसका महत्वपूर्ण योगदान रहा है –
   (A) संयुक्त राष्ट्र संघ
   (B) युद्ध
   (C) धन-दौलत
   (D) भौतिक संपदा

**II.** निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के सही विकल्प लिखिए। *5×1=5*

महानगरों में बच्चों के खेलने कूदने की बड़ी समस्या है। हमारे बच्चों के लिए शहर में खेलने-कूदने के लिए जगह है ही कहाँ? जो भी खुली जगह थी, वहाँ लोगों ने या तो मॉल्स बना लिये या फिर उसे पार्किंग एरिया घोषित कर दिया या फिर बिल्डर मुनाफा कमाने के लिए इमारतें बनाने के लिए टूट पड़े। बच्चों के खेलने की जगहों को इस तरह एक के बाद एक समाप्त करना निराशाजनक है। शहरों में खेल के लिए स्थान समाप्त होते जाने के कारण बच्चों को खेलने के लिए अक्सर सड़क पर निकलना पड़ता है जो खतरनाक होता है, क्योंकि ट्रैफिक में या तो हादसे होने का डर होता है या फिर गंदगी के कारण बीमारियाँ लगने का खौफ उत्पन्न हो जाता है। आखिर बच्चे खेलेंगे नहीं तो विकसित कैसे होंगे?

6. उपर्युक्त गद्यांश में किस महानगरीय समस्या का उल्लेख हुआ है?
   (A) पानी की समस्या
   (B) पार्किंग एरिया की समस्या
   (C) मैदान की समस्या
   (D) इमारतें और मॉल्स की समस्या

7. शारीरिक विकास प्रक्रिया में इनका महत्वपूर्ण योगदान होता है –
   (A) पौष्टिक आहार व खेल-कूद का
   (B) पढ़ने-लिखने का
   (C) मिलजुल कर रहने का
   (D) मनोरंजन का

8. खेलने के लिए 'मैदान' के अभाव में शहरों में बच्चे अक्सर कहाँ निकल पड़ते हैं?
   (A) मैदान में
   (B) गाँव में
   (C) गलियों में
   (D) सड़कों पर

9. "शहर में खेलने-कूदने के लिए जगह है ही कहाँ?" इस वाक्य का तात्पर्य है कि –
   (A) खेलने को काफी जगह है।
   (B) खेलने के स्थान ढूँढ रहे हैं।
   (C) खेलने की जगह नहीं है।
   (D) खेलने के स्थान की संभावना है।

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



**10.** उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक निम्नलिखित में से यह हो सकता है -

(A) महानगरों में गृह निर्माण

(B) महानगरों में मैदान का अभाव

(C) महानगरों में व्यवहार कुशलता

(D) महानगरों में पार्किंग का अभाव

**III.** निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के सही विकल्प लिखिए। *5×1=5*

ऊँच-नीच का भेद मिटाकर, दिल में प्यार बसायेंगे।
नफ़रत का हम तोड़ कुहासा, अमृत रस सरसायेंगे॥
हम निराशा दूर भगाकर, फिर विश्वास जगायेंगे।
हम भारतवासी दुनिया को पावन धाम बनायेंगे॥

**11.** पंक्तियों में किनके अंतर को मिटाने की बात हुई है ?

(A) नफ़रत-प्यार (B) ऊँच-नीच

(C) कुहासा-अमृत (D) निराशा-विश्वास

**12.** 'पावन' का अर्थ है -

(A) पवन (B) पावस

(C) पवित्र (D) पाहन

**13.** मन में 'विश्वास' कब जागृत होता है ?

(A) निराशा के दूर होने पर

(B) निराशा के होने पर

(C) निराशा में रोने पर

(D) निराशा में सोने पर

**14.** ''नफ़रत का हम तोड़ कुहासा, अमृत रस सरसायेंगे'' से कवि का आशय है -

(A) सफलता लाना (B) प्रबलता लाना

(C) कुशलता लाना (D) एकता लाना

**15.** दुनिया को पावन धाम बनाने की इच्छा किनकी है ?

(A) विदेशियों की (B) बच्चों की

(C) भारतीयों की (D) अध्यापकों की



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com


**IV.** निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर दिये गये प्रश्नों के सही विकल्प लिखिए। $5 \times 1 = 5$

अब भी कुछ लोगों के दिल में, नफ़रत अधिक, प्यार है कम
हम जब होंगे बड़े घृणा का, नाम मिटाकर लेंगे दम।
हिंसा के विषमय प्रवाह में, कब तक और बहेगा देश।
जब हम होंगे बड़े देखना, नहीं रहेगा यह परिवेश।
भ्रष्टाचार जमाख़ोरी की आदत बहुत पुरानी है,
ये कुरीतियाँ मिटा हमें तो नई चेतना लानी है।

**16.** कवि कौन सा परिवेश बदलना चाह रहा है ?

(A) प्यार का (B) संघर्ष का
(C) घृणा का (D) शांति का

**17.** किसकी तुलना 'विष' के समान की गई है ?

(A) घृणा (B) हिंसा
(C) प्यार (D) दिल

**18.** कवि की अवस्था क्या है ?

(A) बचपन (B) बुढ़ापा
(C) जवानी (D) प्रौढ़ता

**19.** 'चेतना' द्वारा कवि का आशय है -

(A) जागरूकता (B) विषमता
(C) मनुष्यता (D) कायरता

**20.** पंक्तियों में किसकी अधिकता और किसकी कमी दर्शायी गयी है ?

(A) प्यार अधिक, नफ़रत कम
(B) प्यार अधिक, हिंसा कम
(C) नफ़रत अधिक, प्यार कम
(D) हिंसा अधिक, प्यार कम


www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



**V.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *तीन-चार* पंक्तियों में लिखिए। $4 \times 4 = 16$

**21.** लेखक 'प्रेमचंद' के बारे में आप क्या जानते हैं ?

**22.** टेसी थॉमस का जीवन हमें किस तरह प्रेरित करता है ?

**23.** बिहारी ने 'कनक' को लेकर क्या समझाने का प्रयास किया है ?

**24.** आप किसे श्रेष्ठ व्यक्ति मानते हैं ? अनुचित तरीके से धन अर्जित करने वाले को या उचित तरीके से धन अर्जित करने वाले को। "कण-कण का अधिकारी" कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

**VI.** निम्नलिखित प्रश्नों में से ***किन्हीं दो*** के उत्तर *दस* पंक्तियों में लिखिये। $2 \times 8 = 16$

**25.** सामाजिक मूल्यों के विकास में 'भक्ति' किस प्रकार सहायक हो सकती है ? भक्ति पदों के आधार पर उत्तर लिखिए।

**अथवा**

**26.** 'बरसते बादल' कविता का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।

**27.** लोकगीतों का हमारे जीवन में क्या महत्त्व होता है ?

**अथवा**

**28.** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हिन्दी की उन्नति व प्रगति पर प्रकाश डालिए।

**VII.** निम्नलिखित में से ***किसी एक*** प्रश्न का उत्तर लिखिये। $1 \times 8 = 8$

**29.** "मोबाइल फोन" की सुविधा तथा असुविधा को दर्शाते हुए एक निबंध लिखिए।

**30.** अपने भाई के जन्मदिन पर अपने मित्र को आमंत्रित करते हुए निमंत्रण पत्र लिखिए।

**31.** मेले में दो सहेलियों की बातचीत को आगे बढ़ाइए।

राधा : अरे! तुम किसके साथ आयी हो ?

कविता : मैं अपनी सहेली रजिया के साथ आयी हूँ। और तुम ?

राधा : मैं अपनी माँ और बहन के साथ आयी हूँ। वे दोनों खिलौने की दुकान पर खरीददारी कर रही हैं।

कविता : अच्छा ..........

(इस संवाद को आगे बढ़ाइए)

www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



**VIII.** निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प लिखिए। (सही विकल्प उत्तर-पुस्तिका पर ही लिखिए) *20×1=20*

**32.** 'तरु' का पर्यायवाची शब्द है -

(A) पेड़ (B) गाय

(C) वन (D) झंडा

**33.** सही वर्तनी वाला शब्द पहचानो -

(A) भड़किला (B) भाड़कीला

(C) भड़कीला (D) बड़कीला

**34.** 'चंद्र' का तद्भव होगा -

(A) सूर्य (B) नक्षत्र

(C) चाँद (D) चाँदनी

**35.** 'ई' प्रत्यय का उदाहरण है -

(A) दुकानदार (B) गरीबी

(C) किसान (D) समीपता

**36.** 'जो गाता है।' शब्द समूह का एक शब्द होगा -

(A) गायक (B) कहानीकार

(C) लेखक (D) कवि

**37.** 'कुपुत्र' में उपसर्ग है -

(A) पुत्र (B) पु

(C) कु (D) त्र

www.sakshieducation.com



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



**38.** इनमें से पुनरुक्ति शब्द का सही उदाहरण है -

(A) माता-पिता
(B) धीरे-धीरे
(C) छोटा-बड़ा
(D) आगे-पीछे

**39.** 'महोदय' का लिंग बदलने पर सही रूप होगा -

(A) मोहद
(B) माहोदया
(C) महोदया
(D) मोहादय

**40.** 'मित्रता' का सही विलोम होगा -

(A) मनुष्यता
(B) शत्रुता
(C) क्रूरता
(D) निष्ठुरता

**41.** 'खिड़की' का बहुवचन रूप होगा -

(A) खिड़कियाँ
(B) खिड़कें
(C) खीड़कियाँ
(D) खिड़किआँ

**42.** इसमें सोचने ------ क्या बात है ?

(A) से
(B) में
(C) की
(D) के लिए

**43.** मैं <u>प्रसन्न</u> हूँ। रेखांकित शब्द की भाववाचक संज्ञा है -

(A) अप्रसन्न
(B) प्रसन्नता
(C) प्रसन्नपूर्वक
(D) प्रसन्ना

**44.** 'सूर्योदय' का संधि-विच्छेद रूप यह होगा -

(A) सूर्या + दय
(B) सूर्यो + दय
(C) सूर्य + उदय
(D) सूर्य + अदय



www.sakshieducation.com

www.sakshieducation.com



**45.** यह तत्पुरुष समास का उदाहरण है -

(A) माता-पिता (B) पाठशाला

(C) चौराहा (D) सुख-दुख

**46.** 'मैं पढ़ूँगा।' *(इसका वर्तमान काल रूप होगा)*

(A) मैं पढ़ा। (B) मैं पढ़ने वाला हूँ।

(C) मैं पढ़ता हूँ। (D) मैंने पढ़ लिया।

**47.** निम्नलिखित में शुद्ध रूप है -

(A) शीला ने पढ़ती है। (B) शीला ने पढ़ती थी।

(C) शीला ने पढ़ रही है। (D) शीला पढ़ती है।

**48.** "राम पाठशाला में गेंद से खेलता है।" *(वाक्य में क्रिया शब्द पहचानो।)*

(A) खेलता (B) पाठशाला

(C) राम (D) गेंद

**49.** किसने कहा .... *(इस वाक्यांश के बाद लगाया जाने वाला चिह्न होगा)*

(A) (–) (B) (?)

(C) (!) (D) (।)

**50.** पेड़ ------ गाय है।

(A) के नीचे (B) में

(C) के अंदर (D) के ऊपर

**51.** रामू ------ शामू दो मित्र हैं।

(A) या (B) और

(C) यदि (D) तो



www.sakshieducation.com